प्रेस नोट थाना कांट

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

सराहनीय कार्य दिनाँक – 22.05.2026

थाना कांट पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना में 04 व्यक्तियों की मृत्यु के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए वांछित डम्फर चालक को किया गिरफ्तार।

उत्तर प्रदेश शासन की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेन्स की मंशा एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम तथा क्रियाशील व चिन्हित किये गये अपराधियों/वांछित/वारण्टी, अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान, रोकथाम मादक पदार्थ/अवैध शराब शस्त्र, बिक्री- निर्माण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक कांट के नेतृत्व में थाना कांट पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 17.05.2026 को आवेदक श्री शनि कुमार पुत्र रघुवीर निवासी ग्राम बबक्करपुर सरावर थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना कांट पर सूचना दी गई कि डम्फर संख्या MP07ZQ8088 के चालक द्वारा वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सामने से आ रहे टैम्पू संख्या UP27BT0844 में टक्कर मार दी गई, जिससे टैम्पू में सवार 04 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा अन्य 04 व्यक्ति घायल हो गए। उक्त सूचना के आधार पर थाना कांट पर मु0अ0सं0 219/2026 धारा 281/125(बी)/105 बीएनएस बनाम वाहन चालक नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया। दौराने विवेचना साक्ष्यों के आधार पर धारा 281/125(बी) बीएनएस का लोप करते हुए धारा 110 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई तथा अभियुक्त वाहन चालक करुपाल पुत्र रामापाल निवासी मोतीझील स्टेडियम जेवरा थाना पुरानी छावनी जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश का नाम प्रकाश में आया। दिनांक 22.05.2026 को थाना कांट पुलिस टीम कानून व्यवस्था बनाए रखने, रोकथाम जुर्म जरायम एवं तलाश वांछित अपराधी हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 09:45 बजे अभियुक्त करुपाल पुत्र रामापाल निवासी उपरोक्त को बरेली मोड़ पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान-

दिनांक 22.05.2026 समय 09.45 बजे बरेली मोड़ पर पुल के नीचे शाहजहाँपुर।

अभियुक्त का नाम -

करुपाल पुत्र रामापाल निवासी मोतीझील स्टेडियम जेवरा थाना पुरानी छावनी जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश उम्र करीब 25 वर्ष

अपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 219/2026 धारा 105/110 बीएनएस थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विजय प्रताप सिंह थाना कांट जनपद शाहजहांपुर।
2. का0 2714 पंकज कुमार थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर।
3. रि0का0 विकास कुमार थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर।